नंदी पर चढ़कर आया

देखो नंदी पर चढ़कर आया, भोले बाबा ने ब्याह रचाया....

ना टाइ ना शूट ना पैरों में बूट,
मिर्गछाला पहन के आया भोले बाबा ने ब्याह रचाया,
देखो नंदी पर चढ़कर आया....

सिर पर लंबी लटा जैसे काली घटा,
नागों का हार बनाया भोले बाबा ने ब्याह रचाया,
देखो नंदी पर चढ़कर आया....

लाये किस किस को साथ भोले बाबा जी बारात,
भूतों की टोली लाया भोले बाबा ने ब्याह रचाया,
देखो नंदी पर चढ़कर आया....

सखियां गोरा से कहें भोले मन में हंसे,
यह कैसा दूल्हा आया भोले बाबा ने ब्याह रचाया,
देखो नंदी पर चढ़कर आया.....

गोरा ढोलक बजाए भोले डमरू बजाए,
दोनों ने ब्याह रचाया भोले बाबा ने ब्याह रचाया,
देखो नंदी पर चढ़कर आया.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25769/title/nandi-par-chadkar-aaya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |